राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय का 16 वां वार्षिक उत्सव आयोजित

राज्यपाल ने कहा, बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के मिले अधिकाधिक अवसर

महिलाएं आगे बढ़ेगी तो समाज आगे बढ़ेगा—राज्यपाल

जयपुर, 21 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि महिलाओं को यदि समाज में आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं तो वे अपना श्रेष्ठतम प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वही तेजी से विकास की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने 'ज्योति उत्सव' के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को वूमेन आइकन अवार्ड प्रदान करते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर बालिकाएँ हर क्षेत्र में अग्रणी रहने का प्रयास करे।

श्री मिश्र रविवार को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के 16वें वार्षिक उत्सव "ज्योति उत्सव" में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को सम्मान प्राप्त हुआ है, वह सभी अपने—अपने क्षेत्र की होनहार प्रतिभाएं हैं। यह उस नारी शक्ति का सम्मान है जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य कर समाज में महिला शक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा का अर्थ है, संस्कारित समाज का निर्माण। उन्होंने समाज में लीक से हटकर कार्य करने वाली विभिन्न महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि जब—जब महिला शक्ति ने कुछ करने की ठानी, समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एक महिला को शिक्षा प्रदान करने का अर्थ है, पूरे परिवार और समाज की शिक्षा की व्यवस्था करना।

श्री मिश्र ने महिला शिक्षा के लिए समाज में प्रभावी वातावरण निर्माण करने, ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए विशेष शिक्षा के अवसर सृजित करने, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सभी स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जाने का भी आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए।
इस अवसर पर ज्योति विद्यापीठ के अध्यक्ष श्री वेदांत गर्ग ने महिला शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने महिला आइकन अवार्ड विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी सराहना की।

Jayoti Vidyapeeth Women's University

15th Academic Icon Awards
Jayoti Vidyapeeth Women's University
Jayoti Utsav

Jayoti Vidyapeeth Women's University
"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ"
Jayoti Vidyapeeth Women's University
"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ"